ये सारा जग कहे मुझे बावरा,
मेरी पहचान मेरा सांवरा,
लाज रखता मेरी बात रखता,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा।।

तर्ज तितलियाँ।

कभी कभी तो सोच के ये,
दिल डरता है,
मेरी खातिर सांवरा,
दुनिया से लड़ता है,
आंसू मेरी आँखों में ये,
आने ना देता,
गोद में बिठा के,
मुझे प्यार देता है,
मैं जानता हूँ,
रखता वो मुझ पे नज़र,
मेरी हर एक पल की,
रखता खबर,
मेरे ऊपर जो,
ऊँगली उठाए कोई,
उसको जवाब देता सांवरा,
लाज रखता मेरी बात रखता,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा।।

सांवरे से मेरा है,
विश्वास का रिश्ता,
मेरे सुख दुःख की,
ये करता है चिंता,
इसके रहते मौज करूँ,
दिन रात मैं,
इससे ज्यादा सस्ता,
सौदा हो नहीं सकता,
मेरा धीरज कन्हैया,
ना देता छूटने,
मुझे देता कभी भी,
नहीं ये रूठने,
अपने मोहित की नैया,
का माझी बनके,
करे भव पार उसे सांवरा,
Bhajan Diary Lyrics,
लाज रखता मेरी बात रखता,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा।।

ये सारा जग कहे मुझे बावरा,
मेरी पहचान मेरा सांवरा,
लाज रखता मेरी बात रखता,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा,
सेठ मेरा खाटू वाला सांवरा।।

Singer Toshi Kour

Source: [https://www.bharattemples.com/meri-pehchan-mera-sanwara/](https://www.bharattemples.com/meri-pehchan-mera-sanwara/)

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw